# वार्षिक प्रतिवेदन 2020-2022

मान्यवर! मुख्य अतिथि महोदय! सम्मान के योग्य अतिथिगण, प्राध्यापकवृन्द, स्टाफ सदस्य एवं प्रिय छात्र-छात्राओं। मुझे आज राजकीय महाविद्यालय, बादली (झज्जर) की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस कारण मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

वेदों की पावन भूमि हरियाणा के ग्रामीण अंचल में उच्चतर शिक्षा के प्रचार एवं प्रसार के महान लक्ष्य को साधने वाली इस संस्था की स्थापना की घोषणा 28 अगस्त, 2000 को एक जनसभा में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा की गई तथा सितम्बर, 2000 से विधिवत् रूप से महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ हो गई।

इस क्षेत्र के लगभग 36 गांव और उनकी ग्राम पंचायतों की यह प्रबल इच्छा थी कि क्षेत्र में भी एक कॉलेज खोला जाए जहां पर सभी वर्गों के छात्र और छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें, क्योंकि सैंकड़ों विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को पढ़ने के लिए दूर-दराज के शहरों में जाना पड़ता था तथा आवागमन की सुविधा भी नहीं थी। इसलिए बादली कॉलेज की स्थापना समय और स्थान दोनों की मांग थी।

इस क्षेत्र के सम्माननीय व्यक्तियों ने महाविद्यालय के चिरवांछित सपने को साकार करने के लिए उदारता का परिचय देते हुए विपुल धनराशि के साथ-साथ 10.5 (साढ़े दस) एकड़ जमीन भी दान में दी तथा उनके निरन्तर प्रयासों के फलस्वरूप इस क्षेत्र के लोगों का वह सपना सन् 2000 को साकार हो गया।

हरियाणा प्रदेश के जिला झज्जर में स्थित गांव बादली देश की राजधानी दिल्ली की सीमा से सटे होने के कारण अपना विशेष महत्व रखता है। यह बाहरी चमक-दमक, शोर-शराबे और प्रदूषण से दूर प्राकृतिक परिवेश में सारस्वत-साधना का सुरम्य स्थल है।

हरियाणा के ग्रामीण आंचल में नारी-शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उच्चतर

शिक्षा की इच्छुक महिलाओं के लिए यह संस्था एक वरदान है। महाविद्यालय में प्रविष्ट 50 प्रतिशत से अधिक छात्राएं इस कथन की पुष्टि करती हैं। इसलिए क्षेत्र एवं समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप भावी पीढ़ी के विद्यार्थियों को तैयार करने का दायित्व इस महाविद्यालय का होगा। इस क्षेत्र के लोगों की खुशी का सबसे बड़ा विषय यह है कि इस महाविद्यालय के नए भवन का शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमन्त्री के द्वारा, 17 दिसम्बर, 2010 को किया गया तथा नए भवन का उद्‌घाटन 12 जुलाई 2014 को माननीय सांसद रोहतक के द्वारा किया गया।

नए भवन में स्थानांतरित होने के उपरान्त प्राचार्य डॉ० एस. एन. शर्मा ने 01.01.2015 को कार्यभार संभाला तथा उनके प्रयास से महाविद्यालय में विज्ञान संकाय (मैडिकल एवं नॉन मैडिकल) की शुरूआत हुई तथा अगस्त 2015 में एम. ए. भूगोल विषय की 60 सीटें , एम. ए. इतिहास में 2019-20 सत्र में 60 सीट स्वीकृत हुई और 2021-22 में 60 सीट के साथ एम.ए. हिन्दी भी शुरु हो चुकी है। जो कि इस महाविद्यालय व विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त सुविधा एवं गौरव का विषय है।

**महाविद्यालय परिवार :**

इस महाविद्यालय में प्राचार्य के अतिरिक्त 31 प्राध्यापक स्थायी एवं 08 एक्सटेंशन पर कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 06 तृतीय एवं 10 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत है जिसमें 09 स्थायी पद पर है।

महाविद्यालय में श्री ओम प्रकाश जी एसोसिएट प्रोफेसर (भूगोल) ( 31 मार्च 2019) को सेवानिवृत हुए। 2020 में श्री महावीर जी चौकीदार व श्री विजयपाल कौशिक (L.A.) अपने पद से सेवानिवृत हुए।

**महाविद्यालय परिवार में नए सदस्यों का आगमन :**

डॉ. नवीन कुमारी, डॉ. मनजीत मैहरा, श्रीमती रेनू गुलिया, श्रीमती निशा मलिक, श्रीमती

प्रेरणा सिवाच, श्री राकेश कुमार, श्री विकास शर्मा असिसटेंट प्रोफेसर ने वर्ष 2020-22 के बीच कार्यभार संभाला।

अशैक्षणिक स्टॉफ में श्रीमती कविता असिसटेंट पद पर महाविद्यालय में नवनियुक्त कार्यभार सम्भाला।

स्थानांतरण में डॉ. रणवीर कादयान (प्राचार्य), डॉ. निशा हुड्डा, डॉ. मुकेश सिंह, डॉ0 प्रवीन कुमार असिसटेंट प्रोफेसर ने महाविद्यालय से स्थानांतरण लिया तथा इसके साथ-साथ श्री विनोद (लिपिक) ने भी स्थानांतरण लिया। प्राचार्य रणवीर काद्यान के स्थानांतरण के पश्चात प्राचार्य का कार्यभार श्री आनंद कुमार पूरी जिम्मेदारी से संभाल रहे हैं।

## कार्यलय एवं कार्मिक वर्ग :

कार्यालय संचालन का कार्य श्री रमेश चन्द्र उप-अधीक्षक के कधों पर है। श्री बालकिशन यादव सेवानिवृति के उपरान्त भी एकाउन्ट्स का कार्य कर रहे हैं, जिनका इस कार्यालय के लिए विशेष योगदान है। श्री राजेन्द्र सिंह, विश्वविद्यालय से संबंधित कार्य व श्रीमती कविता (सहायक) स्थापना शाखा का कार्य देख रहे हैं।

## रिक्त पदः

महाविद्यालय में इस समय रिक्त पदों पर अनुबन्ध आधार पर कर्मचारी एवं एक्सटेंशन पर प्राध्यापक वर्ग कार्यरत है।

## वित्तानुदेशक :

अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक श्री मीर सिंह के सुयोग्य निर्देशन में महाविद्यालय के वित्तीय कार्यो का सफल एवं सार्थक निष्पादन हो रहा है।

## प्राध्यापक वर्ग की शैक्षणिक उपलब्धियाँ एवं प्रशिक्षण

1. श्री आनन्द कुमार ने जुलाई 2021 में सनातन धर्म महाविद्यालय अंबाला द्वारा आयोजित 2 दिवसीय FDP विषय E-Contant Development cum Work Shop में भाग लिया। HIPPA द्वारा आयोजित 3 दिवसीय कोर्स Faculty of Financial Management किया।

2. वरिष्ठ पुस्तकाध्यक्ष श्रीमति जयश्री ने वर्ष 2019–2020 में C.P.D.H.E University Delhi से Library & Information science में Refresher course किया। नवचेतना वैलफेयर फाउंडेशन की तरफ से 2020–21 में शिक्षक गौरव अवार्ड प्राप्त किया। Sanjeevani Life Beyond cancer Prevention and healthy life style Awareness Programme में 2020–21 में हिस्सा लिया।

वर्ष 2020–21 में My Success story : Future Vision of Challanges Ahead in BundleKhand University Jhansi में हिस्सा लिया ।

वर्ष 2021–22 में C.V.M University Gujrat से Contemporary Trends of Technology in Library & information Science में एक सप्ताह का Refresher Course किया।

3. डॉ० पूनम, प्राध्यापिका जीव विज्ञान विभाग ने जुलाई 2021 में सनातन धर्म महाविद्यालय अंबाला यकैंट द्वारा आयोजित 2 दिवसीय FDP , विषय ‘ e - content development cum workshop’ में भाग लिया। इसी महाविद्यालय द्वारा आयोजित online certified cum workshop (2 दिवसीय) जिनका विषय ‘MS-Word’ (14–28 अक्टूबर 2020) तथा ‘ MS - Excel’ ‘(23ap.2oct.2020) रहा में भी भाग लिया। गरू अनंगदेव Teaching Learning Centre ( GAD-TLC) द्वारा आयोजित 2 online राष्ट्रीय FDP (दिवसीय) जिनका विषय ‘Development of e-content and Moocs in 4 Quadrants’ (18–21 जनवरी 2021) एवं ‘Word Processing –

spreadsheets' (27 जनवरी -2 फरवरी 2021) रहा, में भी भाग लिया। इसके अलावा GAD-TLC द्वारा आयोजित। online (एक दिवसीय) राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भी भाग लिया, जो कि विभिन्न विषयों पर आधारित थी ।

4. डॉ विजय सिंह सहायक प्रोफेसर कम्प्यूटर विभाग यूजीसी - एचआरडीसी भक्त फूलसिंह महिला विश्विद्यालय खानपुर कलां के तत्वाधान में आयोजित रिफ्रेशर कोर्स "Online course development & use of ICT in Teaching & Research" में दिनांक 18.11.2020 से 04.12.2020 तक हिस्सा लिया। एसडी कॉलेज अंबाला कैंट के तत्वाधान में आयोजित एक सप्ताह के E-contentDevelopment कार्यक्रम में दिनांक 06. 06.2020 से 12.06.2020 तक हिस्सा लिया। बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के एक सप्ताह दिनांक 25-5-2020 का e-STC किया। बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के एक सप्ताह का डॉ० विजय कंप्यूटर विभाग से दिनांक 25-5-2020 का e-STC किया।

5. डॉ० सीमा कुमारी, हिन्दी विभागाध्यक्षा ने 10,11 जुलाई,2020 - FDP on E.content Development सनातन धर्म महाविद्यालय, अम्बाला कैंट, हरियाणा। 14 सितम्बर 2020 को हिन्दी दिवस उपलक्ष में भाषण ,कविता, एवं लोकगीत प्रतियोगिता करवाई । 19 दिसम्बर 2020 से 1 जनवरी 2021 तक पुनश्चर्या (रिफ्रेशर) कोर्स किया। विषय- भारतीय भाषाएँ। विषय-भारतीय भाषाएं। एच.आर.डी.सी., पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़। 10 जनवरी 2021 विश्व हिन्दी दिवस उपलक्ष में निबन्ध और कविता लेखन प्रतियोगिता करवाई। 19 फरवरी 2021 को अन्तर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित की। 26 अगस्त 2021 को ई राष्ट्रीय वेबिनार, विषय- विदेशी विद्वानों के मानस पर हिन्दी का अस्तित्व' पर शोध पत्र-प्रस्तुति, पंडित जवाहरलाल नेहरू, राजकीय महाविद्यालय स्नातकोतर महाविद्यालय 8 सितम्बर 2021 'विश्व में हिन्दी के बढ़ते चरण' शोध पत्र प्रकाशित विषय - हिन्दी वैश्विक रूप में। आई.बी. स्नातकोतर महाविद्यालय, पानीपत 13 सितम्बर 2021 अन्तर्राष्ट्रीय वेबिनार में शोध पत्र - प्रस्तुति। विषय वैश्विक प्रवासी साहित्यकार। डॉ० भीमराव अम्बेकर, राजकीय महाविद्यालय, जगदीशपुरा, कैथल, हरियाणा । 14 सितम्बर 2021 को हिन्दी दिवस उपल्क्ष में निबन्ध

लेखन प्रतियोगिता करवाई। 13 सितम्बर से 19 सितम्बर 2021 तक one week FDP (short term course ) online Topic Advance Pedagogical Techniques. Ramnujam College, Uni. of delhi. 10 जनवरी 2022 को विश्व हिन्दी दिवस उपलक्ष में आशु/मौलिक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 28 मार्च 2022 को विश्व प्रश्नोतरी प्रतियोगितो का आयोजन किया गया।

6. डॉ. मंजू रानी सहायक प्राफेसर राजनीतिक शास्त्र ने 2 जुलाई 2020 को प्रश्नोतरी प्रतियोगितो का आयोजन किया गया। सनातन धर्म महाविद्यालय, अम्बाला कैंट, हरियाणा द्वारा आयोजित दो दिवसीय थ्क्च्क्म्.बवदजमदज क्मअमसवचउमदजकमें 3-4 जुलाई 2020 को भाग लिया। 3 नवंबर 2020 को संजीवनी-लाईफ बेयोण्ड कैंसर के सहयोग से एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन कराया गया। '' भारतीय विदेश नीति में नए आयाम'' पर जी.डी.सी. मेमारियल महाविद्यालय, भिवानी द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी (19-20 फरवरी 2021) में ''वैश्वीकरण के दौर में भारत-अमेरिका सम्बन्ध : एक विश्लेषण'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। '' कश्मीर समस्या और भारत-पाकिस्तान सम्बन्ध'' पर 25-26 सितम्बर 2021 को मेरठ महाविद्यालय, नेहरू में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगाष्ठी में ''नए वैशविक दौर में कश्मीर मुद्दा'' नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम के अनछुए पहलू : एक विश्लेषण पर 11-12 दिसम्बर 2021 का दो दिवसीय अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठी में 1857 का संग्राम : महिलाओं की भूमिका '' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

7. श्रीमति शर्मिला (वाणिज्य विभाग) ने 27/9/20 , 27/10/20 और 03/11/20 को ' New Edu. Policy, Challenges and Opportunities for Weaker Sections, 'Cancer Prevention and Healthy Life style' विषय पर Webinar में भाग लिया। 1/1/21 से , 10/1/21 तक दस दिवसीय कार्यशाला, विषय- Designing Captivating Presentations with Power point' में हिस्सा लिया। दो दिवसीय कार्यशाला, विषय 'Investing in these challenging Times' (दिनांक 8/1/21 और 9/1/21 ) में हिस्सा लिया । तीन एक दिवसीय Webinar, दो पाँच दिवसीय कार्यशाला, एक दो दिवसीय कार्यशाला तथा एक सात

दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

8. श्री विकास शर्मा सहायक प्रोफेसर (संस्कृत विभाग) ने 28/3/2022 को महाविद्यालय में प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया।

9. श्री राकेश कुमार, सहायक प्रोफेशर अंग्रजी विभाग ने दस दिवसीय ( 27 Sept.-8 Oct 2021) सार्ट टरम कोर्स किया। यह कोर्स P.G.D.A.V College, University Delhi दवारा कराया गया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्याल, अंबाला में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार में '' अम्बेडकर और महिला सशक्तिकरण '' पर दिनांक 6 दिसम्बर 2021 को पेपर प्रस्तुत किया। Orientation Program अभिविन्यास पाठयक्रम दिनांक Feb 24,2020 से 16 मार्च 2020 तक JNU विश्वविद्यालय से किया।

10. श्री रमेश कुमार सहायक प्रोफेशर, अग्रेंजी विभाग ने दस दिवसीय सार्ट कोर्स (27 sep - 8 oct 2021) P.G.D.A.V. College, university of dehi से किया। तीन दिवसीय नेशनल वर्कशाप डिजाईन और डेवलपः आडिओ विडियो – इरिसोर्शसिस 26–28 मई 2020 लाल बहादुर शास्त्री नेनशल संस्कृत विश्वविद्यालय से की। पाँच दिवसीय नेशनल वर्कशाप साईबर सिक्योरटी इन इजूकेशन (17–21) ।नहनेज 2020 लाल बहादुर शास्त्री नेशनल संस्कृत विश्वविद्यालय से की। एक दिवसीय नेशनल सेमिनार चिरजी लाल शर्मा Govt. College, Karnal 'Application Management' पर एक पेपर पुस्तुत किया।सात दिवसीय online अंतर्राष्ट्रीय Faculty development प्रोग्राम · 'Language and litenaline- Araymatic Approach में भाग लिया। यह प्रोग्राम VEF institute G Arts -D Science द्वारा आयोजित किया गया।

11. कुमारी पूनम शर्मा (वनस्पति विभाग) ने July 2020 Sanatan Dharma College द्वारा आयोजित दो दिवसीय Faculty development program "E-content Development' में भाग लिया। सितम्बर 2020 में पाँच दिवसीय Faculty development program "Research Methodology and Scientific Tool जो कि Government college Satnali, Mahendargarh द्वारा आयोजित किया

गया था। दो Faculty development program "Academic Report writting Report Research Methodology एवं word processing spreadsheet जो कि Guru Angad Dev Teaching Learning Center द्वारा आयोजित थे।

12. डॉ. मनजीत मेहरा सहायक प्रोफेसर गणित ने 28 जनवरी 2021 को पीएचडी की डिग्री गणित विभाग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा प्रदान की गई जिसका शीर्षक था- 'Labeling of Fuzzy and Intuitionistic fuzzy Graphs. Deshbandhu College, University of Delhi से एक सप्ताहिक FDP कोर्स किया।

13. श्री रविन्द्र ने डॉ० हरिसिहँ गौर विश्वविद्यालय, सागर (M.P.) के UGC-HRDC केन्द्र द्वारा आयोजित चौदह दिवसीय (17 अगस्त-29 अगस्त 2020) रिफ्रेशर कोर्स "Recent Advance in Chemical Science" को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। TLC Ramanujan Delhi, विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित चौदह दिवसीय (20 सितम्बर-4 अक्टूबर 2021) रिफ्रेशर कोर्स "Natural Science" को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

14. डॉ० उर्मिला रसायन शास्त्र प्राध्यापिका ने '' डॉ० हरिसिंह गौड विश्वविद्यालय , सागर (मध्यप्रदेब) '' से 17 से 29 अगस्त, 2020 में आयोजित रिफ्रेशर पाठयक्रम किया । DGHE द्वारा "E - content development" विषय पर आयोजित दो दिवसीय आनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम में 1 जुलाई,2020 से 2 जुलाई 2020 तक भाग लिया। 27 से 31 जुलाई 2020 तक PMMMNMTT तथा सनातन धर्म कालेज, अम्बाला द्वारा आयोजित सापताहिक संकाय विकास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। 20 सितम्बर 2021 से 4 अक्टुबर 2021 तक TLC रामानुजन कालेज द्वारा आयोजित दो साप्ताहिक Refresher Course Online कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

15. डॉ. अंजू सिवाच, सहायक प्रोफेसर रसायन शास्त्र ने Springer और Elsevier पत्रिकाओं में 4शोध पत्र प्रकाशित किये। "E-content development" विषय पर दो दिवसीय फैक्लटी डेवलेपमेंट प्रोग्राम (FDP) (1-2 July 2020) में भाग लिया। 3 "Nanomaterials characterization Techniques" विषय पर पांच दिवसीय

FDP (27 July - 31 July 2020) esa UGC - HRDC , SBP, Pune में भाग लिया। UGC - HRDC, Doctor HSGV, Sagar (MP) द्वारा आयोजित चौदह दिवसीय ( 17 वें 29 अगस्त 2020) रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया जिसका विषय "Recent Advance in Chemical Science" था। DCRUST, Murthal द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंर्तराष्ट्रीय कान्फ्रेंस (22-23 मार्च 2021) में शोध पत्र प्रस्तुत किया। 30 सितम्बर 2021 को Ph.D डिग्री से नवाजा गया। TLC, Ramanujan कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित छंजतंसै बपमदबम विषय पर चौदह दिवसीय (20 सितम्बर-4 अक्तूबर 2021) रिफ्रेशर कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, मटक माजरी, करनाल द्वारा आयोजित "Zero to infinity: International Workshop on cancer Awarenè विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

16. श्री रोहित कुमार सहायक प्रोफेसर भौतिक विज्ञान TLC, रामानुजन महाविद्यालय, दिल्लीविश्वविद्यालय द्वारा आयोजित भौतिकि विषय पर चौदह वीं (27 अक्टूबर से 10 नवंबर 2021) रिफ्रेशर कोर्स के सफलतापूर्वक किया। NIGMT Foundation दिल्ली द्वारा आयोजित एक दिवसीय वेबिनार में भाग लिया एवं सफलतापूर्वक उसे पूरा किया।

17. श्री योगेश कुमार सहायक प्रोफेसर भूगोल ने टीचिंग लर्निंग सेंटर, रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से 4 जून से 01 जुलाई तक 4-सप्ताह का अभिविन्यास (Orientation) कार्यक्रम पूरा किया। टीचिंग लर्निंग सेंटर, रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से 20 अगस्त -3 सितम्बर तक 2-सप्ताह का पुनर्श्या पाठयक्रम (त्मतिर्मेमत)कार्यक्रम पूरा किया। राजकीय महाविद्यालय बादली के भूगोल विभाग द्वारा ''जयोइनफारमैटिक्स टैक्नोलाजी और करियर के अवसर'' पर एक दिवसीय वेबिनार नेत्रा इस्टीटयूट आफॅ जियो इनफारमैटिक्स मैनेजमेंट एंड टेक्नोलाजी (एनआईजीएमटी) फांडडेशन केद साथ मिलकर 25 जनवरी, 2022 को आयोजित किया।

18. डॉ. प्रेरणा सिवाच सहायक प्रोफेसर भूगोल ने 26 फरवरी 2022 को पीएचडी की डिग्री भूगोल विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई जिसका शीर्षक था- लैंगिक हिंसा का डर और सार्वजनिक स्थानों तक पहुंच : शहरी दिल्ली का एक अध्ययन। TLC

रामानुजन कालेज तथा किरोडी मल कालेज द्वारा आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में 22 नवम्बर 2021 से 06 दिसम्बर 2021 तक हिस्सा लिया। वीपीएस इंस्टिटयूट आफ टीचर ट्रेनिंग एंड रिसर्च द्वारा आयोजित " Journey of Teacher education" विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

19. श्रीमती निशा मलिक सहायक प्रोफेसर भूगोल ने टीचिंग लर्निंग सेंटर, रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से 19 जुलाई 17 अगस्त 2021 तक 4-सप्ताह का अभिविन्यास कार्यक्रम पूरा किया । Geo. Deptt. जिसमें श्रीमति निशा, डॉ. प्रेरणा, राजकीय महाविद्यालय बादली के भूगोल विभाग द्वारा ''जयोइनफारमैटिक्स टैक्नोलाजी और करियर के अवसर'' पर एक दिवसीय वेबिनार नेत्रा इंस्टीटयूट आफॅ जियो इनफारमैटिक्स मैनेजमेंट एंड टेक्नोलाजी (एनआईजीएमटी) फांडडेशन के साथ मिलकर 25 जनवरी, 2022 को आयोजित किया। बौद्धिक संपदा कार्यालय, भारत द्वारा राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन के तहत 16 फरवरी 2022 को आयोजित आईपी जागरूकता/ प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

20- डॉ. नवीन कुमारी ने 7 दिवसीय (18-24 फरवरी 2021) FDP में भाग लिया, जिसका विषय "Academic writing" था। "Nanomaterials" विषय पर आयोजित सात दिवसीय World Nano Congress, VIT, Vellore (8-13 मार्च 2021) में भाग लिया और शोध पत्र प्रस्तुत किया। TLC Ramanujan कालेज , दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित "Natural Science" विषय पर चौदह दिवसीय (20 सितम्बरु-4 अक्तूबर 2021) रिफ्रेशर कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। TLC Ramanujan कालेज , दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित "Research Methodology" विषय पर चौदह दिवसीय (20 जुलाई-3 अगस्त 2021) रिफ्रेशर कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। TLC Ramanujan कालेज , दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ''भौतिकी विज्ञान'' विषय पर चौदह दिवसीय (27 अक्तूबर-10 नवम्बर 2021) रिफ्रेशर कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

21. श्रीमती रेणू सहायक प्रोफेसर वाणिज्य विभाग ने 4 मार्च,2022 को मेरा )(Mrs. Renu Gulia का Ph.D. में पंजीकरण (Registration) हुआ है। Topic - " Risk Management and Financial Performance : A comparative study on publicand private sector and private sector Banks"University - Baba Mastnath UniversityAsthal Bohar, Rohtak, Haryana

22. डॉ० पूनम रानी हिन्दी विभाग ने लखनऊ से श्री विजय राय जी के संपादन में निकलने वाली प्रतिष्ठित पत्रिका लमही के अक्तूबर-दिसंबर 2021 अंक में कवि रमेश प्रजापति के काव्य-संग्रह ''भीतर का देश'' की समीक्षा ''उम्मीदएवं संभावनाओं से भरी कविताएं''शीर्षक से प्रकाशित हुई।

23. डॉ० संजय कुमार ने वर्ष 2020-21 में FDP on E content Development में भाग लिया जो कि सनातन धर्म महाविद्यालय अम्बाला कैन्ट, हरियाणा के द्वारा आयोजन किया गया।

24. डॉ० समता गुलिया , गणित विभाग ने वर्ष 2021 मे दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन मे शोध-पत्र प्रस्तुत करवाया जिसका विषय "The turning point in various branchमे of Mathematics after covid-Pandemic है, जो महाराजा सूरजमल कालेज, जनकपुरी नई दिल्ली मे हुआ था। इसी सम्मेलन मे इन्होने 'पोस्टर बनाने प्रतियोगिता मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

छात्रवृत्तियाँ।

राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत 2021-21 में 30 विद्यार्थियों तथा 2021-22 में 40 विद्यार्थियों को पिछड़ी जाति हेतु पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप प्रदान की जा रही है व एस. सी. कान्सोलिडेटेड के लिए 2020-21 में 84 व 2021-22 में 120 विद्यार्थियों को DBT के माध्यम से राशि प्रदान की गई।

**पुस्तकालय :**

महाविद्यालय में एक शानदार पुस्तकालय है। पुस्तकालय में कुल 9285 पुस्तकें है जो कि विभिन्न विषयों से सम्बन्धित हैं। पुस्तकालय में प्रतिदिन 40 से 50 पुस्तकें आदान प्रदान होती है पुस्तकालय के साथ-साथ वाचनालय में 8 दैनिक समाचार पत्र एवं 8 पत्रिकाएं आती हैं, जिनसे विद्यार्थी विभिन्न प्रकार का ज्ञान प्राप्त करते हैं। वित्तीय वर्ष 2021-2022 में पुस्तकालय के लिए सरकारी अनुदान राशि 2.5 लाख प्राप्त हुई जिसका उपयोग पूर्ण रूप से किया जा चुका है। विद्यार्थी वरिष्ठ  पुस्तकालयाध्यक्षा श्रीमती जयश्री के मार्गदर्शन में पुस्तकालय की सुविधाओं का लाभ उठाते हैं।

**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) :**

एन.एस.एस की महाविद्यालय में 2 यूनिट है। छात्राओं की यूनिट की प्रभारी डॉ. मंजू रानी हैं तथा छात्रों के प्रभारी श्री मनजीत कुमार थे। वर्तमान में 2021-22 राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी श्री विकास शर्मा व छात्राओं की यूनिट प्रभारी कुमारी पूनम शर्मा हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर एवं एक दिवसीय शिविरों का आयोजन समय-समय

परकिया गया। इनके प्रभार काल में 13 स्वयंसेवक 07 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर रोहतक, रेवाड़ी, हिसार, कुरुक्षेत्र व मनाली आदि स्थानों पर गए। वर्ष 2021-21 महाविद्यालय की छात्रा आशू ने बी. ए. तृतीय वर्ष का गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेने का चयन हुआ। जिला स्तरीय BEST NSS VOLUNTEER SG चयन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा करिश्मा बी.ए. तृतीय वर्ष रोल नं. 49 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छै प्रोग्राम ऑफिसर के रूप में 2020-21 में डॉ. मंजू रानी ने एक दिवसीय वेविनार का आयोजन करवाया।

## नेशनल कैडिट कोर (NCC)

लैफ्टिनैंट आनंद काद्‌यान के नेतृत्व में एनसीसी के प्रतिभागी वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों में लगे रहे। CATC कैम्प में 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह कैंप नेहरू राजकीय महाविद्यालय, झज्जर में आयोजित किया गया। स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपमण्डल बादली में आयोजित समारोह में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा समारोह में उत्तम प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरुस्कार भी प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त 14 कैडट्स ने 'सी' प्रमाण-पत्र एवं 10 अन्य कैडट्स ने 'बी' प्रमाण-पत्र की परीक्षा उत्तीर्ण की। एन. सी. सी. सभी प्रतिभागी हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक भाग लेते हैं। 4 से 8 जनवरी तक महाविद्यालय में 5 दिवसीय एन. सी. सी. ATC कैम्प का आयोजन भारतीय सेना के कर्नल संजय राज्याण कमांडिंग अधिकारी 8वीं वटालियन के नेतृत्व में किया गया और 52 कैडट्स ने इसमें भाग लिया । पहली बार 4 छात्राओं को एन. सी. सी. में शामिल किया गया। छात्राओं की संख्या को और बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा।

## महिला प्रकोष्ठ :

महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका श्रीमति शर्मिला है। सत्र 2020-21 में लड़कियों के प्रोत्साहन हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएँ का आयोजन किया गया जिसमें (Food- without Fire, poster Making व कविता पाठ प्रतियोगिताएं है। दो online webinar - legal Rights for women और Health and Nutrition for Girls Students का भी आयोजन किया गया। 6 जनवरी, 2021 को लडकियों के खून जाँच और अन्य समस्याओं के लिए स्वास्थ्य शिवर का आयोजन करवाया गया। तीन दिवसीय कार्यशाला जिसका विषय 'Beauty Skills' और दो दिवसीय कार्यशाला **Self Defence Training** का आयोजन महाविद्याल प्रांगण मे करवाया गया। सत्र 2021-22 में छात्राओं के लिए महाविद्यालय प्रांगण में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 28 दिसम्बर 2021 से 31 दिसम्बर 2021 तक चार दिवसीय 'Fine Arts workshop' का आयोजन करवाया गया। 'आयुर्वेद और स्वस्थ जीवन-शैली' विषय पर तीन दिवसीय कार्यब संपन हुई। 12 फरवरी 2022 को विभिन्न विषयों पर प्रतियोगिताएं करवाई गई।

## महाविद्यालय का परिणाम :

हमारे विद्यार्थी लगातार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम गत वर्ष भी विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम के ऊपर रहा । महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत से अधिक आया है। महाविद्यालय के 4 छात्रों ने इस वर्ष नेट की परीक्षा पास की ।

## सांस्कृतिक क्षेत्र :

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संयोजक श्री विकास शर्मा ने दिसम्बर 2021 में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजित की गई। दिसम्बर 2021 में तीन दिवसीय युवा महोत्सव में

भाग लिया गया जिसमें महाविधालय के छात्र-छात्राओं ने सराहनीय प्रदर्शन किया गया व पहली बार महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने संस्कृत श्लोकोच्चारण, हरियाणवी और हरियाणवी ओरकेस्टरा में पुरस्कार जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

**प्लेसमैन्ट सैल :**

रोजगार प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री रविन्द्र हैं। महाविद्यालय में रोजगार सम्बन्धी जानकारी के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया हैं। इसमें विभिन्न शिक्षाविद् द्वारा रोजगार सम्बन्धी जानकारी के लिए विस्तार व्याख्यान आयोजित किए गए।

इसी सैल के अन्तर्गत विद्यार्थियों के लिए 6 समाचार पत्र 4 प्रतियोगी पत्रिकाएं, 2 रोजगार समाचार पत्र मंगवाए जाते है, जिससे वे हर प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकें। समाचार पत्रों में दी गई विज्ञप्तियों को विद्यार्थियों के लिए सूचना पट्ट के माध्यम से अवगत कराया जाता है। इस प्रकोष्ठ में विभिन्न विषयों की 1153 पुस्तकें हैं जिससे विद्यार्थी रोजगार प्राप्ति में सहायता प्राप्त करके लाभन्वित होते हैं। एक निबंध प्रतियोगिता तथा विविध व्याख्यानों का आयोजन प्राध्यापक श्री रवीन्द्र ने करवाया।

**युवा रैडक्रॉस इकाई / रेड रिबन क्लब :**

महाविद्यालय में इस इकाई की डॉ. नवीन कुमारी हैं। इस इकाई के छात्र विभिन्न शिविरों में जो कि इस इकाई के द्वारा आयोजित होते हैं, में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। HIV Aids, Covid 19 पर ऑनलाईन जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रातियोगिता व 2 फरवरी 2022 को पोस्टर मेकिंग, मॉस्क पेंटिंग आदि प्रातियोगिताओं का आयोजन हुआ।

**अर्न व्हाइल यू लर्न :**

इस योजना के अन्तर्गत विद्यार्थियों को पुस्तकालय, भूगोलप्रयोगशाला कार्यालय, लेंग्वेज लैब, रोजगार प्रकोष्ठ आदि में कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाता है। इस वर्ष

प्राप्त अनुदान राशि (20,000) का उपयोग कर लिया गया है। इस योजना के प्रभारी डॉ. सीमा हैं।

**धूम्रपान निषेध कमेटी :**

उच्चतर शिक्षा आयुक्त के आदेशानुसार महाविद्यालय में धूम्रपान निषेध कमेटी का गठन किया गया है। महाविद्यालय परिसर को पूर्णतः तम्बाकू एवं उसके अन्य उत्पादों से मुक्त रखने का प्रयास इस कमेटी के द्वारा किया गया है। इस कमेटी के संयोजक डॉ. मनजीत मैहरा व डॉ० विजय सिंह व श्री रमेश चन्द्र हैं।

**आर० टी० आई० कमेटी :**

आर० टी० आई० एक्ट 2005 के नियमों को कार्यान्वित करने के लिए इस कमेटी के प्रभारी प्रो० ओमप्रकाश को बनाया गया है, जिनके तत्वाधान में इस महाविद्यालय से सम्बन्धित जानकारी मांगे जाने पर शीघ्र निर्धारित अवधि में जानकारी उवलब्ध करा दी जाती है। डॉ० संजय कुमार का भी सूचना सम्प्रेषण लेखन व रिकार्ड को व्यवस्थित करने में विशेष योगदान रहा हैं।

**खेलकूद गतिविधियां 2021-22:**

श्री रोहित कुमार प्राध्यापक (भौतिक विज्ञान) के नेतृत्व में खेलकूद सम्बन्धी गतिविधियां करवाई जाती है। महाविद्यालय में एक Gymnasium Hall की व्यवस्था है तथा विशाल खेलकूद मैदान है जिसका उपयोग विद्यार्थियों के द्वारा किया जाता है।

सत्र 2015-16 में महाविद्यालय के विद्यार्थियों की खेलकूद को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागीदारी इस प्रकार रही है -

**कम्प्यूटर लैब :**

महाविद्यालय में सत्र 2009-10 के दौरान चार लाख रूपऐ की अनुदान राशि प्राप्त हुई, जिसके अन्तर्गत दो कम्प्यूटर लैब स्थापित की गई। दो लैबों में 25-25 कम्प्यूटर सरकार द्वारा स्थापित करवाए गए हैं। जिससे महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी कम्प्यूटर के ज्ञान से लाभन्वित हो रहे हैं। विद्यार्थियों के लिए दो कम्प्यूटर अनुदेशक श्री रमेश कुमार एवं श्री अमित कुमार तथा एक प्रयोगशाला सहायक की नियुक्ति सरकार द्वारा की गई हैं।

## लेंग्वेज लैब :

उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा लैंग्वेज लैब स्थापित करने हेतु 2,00,000/- रूपए की राशि सत्र 2013-14 में प्रदान की गई। नए भवन के निर्माण के पश्चात लैब स्थापित की जा चुकी है जिसमें कम्प्यूटर एवं अन्य आवश्यक उपकरण स्थापित किए गए हैं। इस लैब के लिए भी एक अनुदेशक श्री विकास को नियुक्त किया गया है। इसकी संचालन व्यवस्था का प्रभार श्री राकेश के कंधों पर हैं।

## भूगोल लैब :

महाविद्यालय की भूगोल लैब भलीभांति सुसज्जित है। इसमें एक समय में 40 विद्यार्थी प्रेक्टिकल कर सकते है। इसके अध्यक्ष डॉ. प्रेरणा सिवाच है, जिसकी देख-रेख में प्रयोगशाला का संचालन भलीभांति होता है।

## रैगिंग निषेध कमेटी :

महाविद्यालय में रैगिंग निषेध कमेटी का गठन किया गया है जिसका उद्‌देश्य नए विद्यार्थियों को पूर्व विद्यार्थियों के द्वारा अनुचित रूप से परेशान करने से रोकना है। यह संतोष का विषय है कि इस महाविद्यालय में इस सत्र में कोई रैगिंग संबंधित घटना नहीं हुई। श्री

आनन्द कुमार एवं डॉ. विजय सिंह इस कमैटी के सदस्य हैं।

## लीगल सैल :

इस सैल के प्रभारी डॉ. मंजीत सिंह है। जिसके द्वारा समय-2 पर कानून सम्बन्धित उपयोगी जानकारियां देकर विद्यार्थियों को लाभन्वित किया जाता है।

## ट्यूटोरियल ग्रुप :

महाविद्यालय में टयूटोरियल ग्रुप बनाए गए हैं जिनमें विद्यार्थी महीनें में दो बार पढ़ाई के विषयों के अतिरक्त अन्य विषयों पर ट्यूटर से विचार-विमर्श करते हैं। इसके प्रभारी श्रीमती शर्मिला हैं।

## प्रोक्टोरियल डयूटीज :

महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के लिए तथा अध्यापन कार्य के सम्यक् संचलन के लिए प्राध्यापक अपने खाली समय में विद्यार्थियों को अनुशासित करते है तथा शान्ति बनाए रखने का प्रयास करते हैं। इसके प्रभारी श्री रविन्द्र हैं।

## महत्वपूर्ण दिवस एवं जयन्ती :

प्रतिवर्ष की भांति इस महाविधालय में स्वतन्त्रता उिवस 15 अगस्त अत्यन्त हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने ध्वजारोहण किया तथा छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

15 सितम्बर को भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस

के रूप में मनाया गया। जिसमें प्राध्यापक वर्ग और प्राचार्य महोदय ने उनके जीवन के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला।

14 सितम्बर महाविद्यालय में हिन्दी दिवस के रूप में मनाया गया। महाविद्यालय के विधार्थियों ने हिन्दी पर कविताएं एवं भाषण प्रस्तुत किया।

23 सितम्बर को शहीदी दिवस के रूप में मनाया गया तथा विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं प्राचार्य महोदय ने शहीदों के बलिदान को याद किया एवं श्रद्धाजंलि दी।

26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस मनाया गया इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने ध्वजारोहण किया तथा एन.सी.सी. के कैडेट्स ने सलामी दी। प्राचार्य महोदय ने अपने भाषण में धर्म, जाति और सम्प्रदाय से ऊपर उठकर एक आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

महाविद्यालय की आवश्यकताएं :

- महाविद्यालय में कैंटीन की इमारत नहीं है। इमारत बनावाकर कैंटीन की व्यवस्था करवाई जाऐ।
- महााविद्यालय में कक्षा-कक्ष की घोर कमीं हो चुकी है। अतः 10 नए कक्षा-कक्षों का निर्माण कराया जाए।
- महाविद्यालय के बहु द्देशीय हॉल का पिछले आवाज गूंजती है। निवेदन है जिसके कारण किसी भी उत्सव के आयोजन में बाधा आति है अतः उसमें फॉल सीलिंग कराई जाये जिससे इसको अच्छे से उपयोग हो सके।

- महाविद्यालय की बाउन्डरी की दीवार बरसात के समय गिर गई थी। इसका एस्टीमेट पी डबलू विभाग द्वारा बनवाकर निदेशालय को भेजा हुआ है। इस एस्टीमेट को तुरंत पास करके महाविद्यालय की बाहरी दीवार को बनवाने की नितान्त आवश्यकता है।
- महाविद्यालय को विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने व विभिन्न नये पाठयक्रम शुरू होने के कारण कक्षा कक्षों की व लैब की कमी हो गई है इसलिए 5 कक्षा कक्ष और 5 नई लैब बनवाने की आवश्यकता है।
- महाविद्यालय के खेल प्रांगण के चारो तरफ दर्शको के बैठने के लिए सीढियाँ बनवाने एवं बास्केट बॉल के ग्राउण्ड के निर्माण की पुनः आवश्यकता है।
- महाविद्यालय में 2 कम्प्यूटर लैब है जिसमें 50 कम्प्यूटर हैं जो खराब हो चुके हैं इसी प्रकार 10 कम्प्यूटर ऑफिस में यह भी पुराने पड़ चुके हैं। अतः 60 नये कम्प्यूटर खरीदने की जरूरत है।
- महाविद्यालय की नई बनी बिल्डिंग में नये वाटर कूलर और आर ओ नहीं लगाये गये है। पुराने वाटर कूलर कण्डम हो चुके हैं अतः 4 नये वाटर कूलर आर ओ सहित तुरंत खरीदने की आवश्यकता है।
- क्षेत्र के विद्यार्थियों के मांग को देखते हुए महाविद्यालय में भूगोल ऑनर्स, अंग्रेजी ऑनर्स व कम्प्यूटर सांईस और शारीरिक शिक्षा के कोर्स शुरू करने की आवश्यकता है।
- महाविद्यालय में 5 लैब हैं लेकिन लैब अण्टैड नहीं है अतः लैब अण्टैड लगवाने की तुरंत आवश्यकता है।

- इतिहास विभाग में 5 प्राध्यापकी की आवश्यकता हैं लेकिन वर्तमान में एक प्राध्यापक है अतः इतिहास विभाग के लिए तुरंत 4 प्राध्याकों की नियुक्तिरु/स्थानांतरण की आवश्यकता है।

आभार प्रदर्शन :

★ माननीय मुख्य अतिथि के प्रति मैं अपना आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने हमारे आमंत्रण को स्वीकार कर कार्यक्रम को सफल बनाया और अपनी अमूल्य उपस्थिति प्रदान कर हमें उपकृत किया।

★ मैं उपमण्डल अधिकारी बादली श्री विशाल कुमार का भी आभारी हूं। जो हमें हमेशा सहयोग देते हैं।

★ मैं श्री आनंद मोहन शरण वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार के प्रति उनके निर्देशन एवं मार्गदर्शन के लिए हृदय से कृतज्ञ हूँ।

★ मैं प्रो. राजबीर सिंह कुलपति, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के प्रति आभार प्रकट करता हूँ।

★ मैं माननयी श्री कैप्टन शक्ति सिंह उपायुक्त के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

★ मैं श्री जन निवास, अतिरिक्त उपायुक्त के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

★ मैं एएसपी श्री अमित यशवर्द्धन व अन्य स्टाफ का धन्यवाद करता हूं कि वे समय-सयम पर कॉलेज परिसर में आते रहते हैं और कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखनें में उचित सहयोग करते हैं।

★ मैं बादली की सरपंच व पंचायत एवं गणमान्य नागरिकों का निरन्तर सहयोग करने पर